दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-13, अंक-281 वीरवार 10 अक्टूबर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

संक्षिप्त समाचार

अग्नि सुरक्षा को लेकर किया गया प्रशिक्षित

बल्लभगढ़, 09 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण एवं अभ्यास गतिविधि का आयोजन किया गया। यह गतिविधि एनटीपीसी, फरीदाबाद के केंद्रीय

औद्योगिक सुरक्षा बल की देखरेख में आयोजित की गई। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक - गिरवर सिंह यादव, प्रधान आरक्षक-यशवीर यादव, आरक्षक-मो. सरताज आलम ने महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को सर्वप्रथम आग के प्रकार, आग से रोकथाम के उपाय, विभिन्न प्रकार की आग को रोकने के लिए विभिन्न अग्निश्मक यंत्र का प्रयोग करने के बारे में विस्तार से चर्चा की। तदुपरांत महाविद्यालय प्रांगण में एनसीसी कैडेट और अन्य उपस्थित विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा की मॉक ड्रिल कराई। इसमें प्रत्येक विद्यार्थी ने अग्नि बुझाने वाले यंत्र का स्वयं उपयोग करके आग को बुझाना सीखा' एएनओ डॉ पूजा सैनी, एन. एस.एस. अधिकारी डॉ सुप्रिया ढौंडा, शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता डॉ जगबीर, पवन दलाल की देख रेख में गतिविधि का सफल आयोजन किया गया।